वर्ष 6 अंक 29
पृष्ठ 14+4=18
धनबाद, शनिवार
29 जुलाई 2017
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण



सेना पूरी तरह तैयार : जेटली 11

कैट के सामने जब शरमा गए दबंग खान 12

www.jagran.com

पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



# गणित ओलंपियाड में छात्र को मिला प्रथम स्थान



प्रमाणपत्र देते स्कूल के प्राचार्य आरडी शर्मा • जागरण

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विभिन्न विषयों की ओलंपियाड परीक्षाओं में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। कक्षा एक के छात्र वेदांत गाधियान ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित मैथ्स ओलंपियाड में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने गोल्ड मैडल और विशिष्ट उपलब्धि प्रमाणपत्र देकर इस प्रतिभा को सम्मानित किया। साथ ही भविष्य में इसी प्रकार उन्नति पथ पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त दर्शराज पाण्डेय, लिपिका दत्ता, राज आर्यन, रुद्रनिल घोष, देवाद्रित रॉय आदि छात्रों ने भी ओलंपियाड परीक्षाओं में उत्तम प्रदर्शन किया है।